## सार-समाचार

### वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हुआ

**उदयपुर**,(का.स.) । उदयपुर में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण मंगलवार से शुरू हुआ,सातों विधानसभाओं में 1936 बीएलओ घर.घर जाकर सर्वे कर रहे है। बीएलओ सबसे पहले मतदाताओं के 2002 में जहां वोट दिया उस केंद्र का नाम पूछ रहे है और उसके बाद उस केंद्र की वोटर लिस्ट से नाम मिलान कर रहे है और उसके बाद गणना प्रपत्र भरवा रहे है।असल में पहले दिन कई बीएलओ को समझाने में ही समय लग गया। कई लोगों को तो इस इस नए अभियान के बारे में जानकारी ही नहीं है। कई ऐसे मतदाता थे जिनका नाम अभी पांच.सात साल पहले ही मतदाता सूची में नाम जुडा लेकिन 2002 में उनके दादा,पापा का नाम किस केंद्र पर था यह नहीं पता।कई मतदाता ऐसे थे जिनके पास उस समय अपने परिवारजनों के जिस केंद्र पर नाम था उसकी जानकारी थी तो ऐसे मतदाताओं के गणना पत्र हाथों हाथ भरवा रहे है। बीएलओ पहले दिन वैसे कई जगह इस अभियान के बारे में समझा रहे है और साथ में वे उस क्षेत्र के जागरूक मतदाताओं का भी सहयोग ले रहे है ताकि वे लोगों को समझा सके।जिस किसी मतदाता का नाम या उसके दादा-दादी, या माता.पिता का नाम 2002 की मतदाता सूची में नाम है उनको कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है उनकी मेपिंग सीधे ही गणना पत्र के साथ हो जाएगी। बीएलओ का भी जोर है कि उस समय का नाम मतदाता सूची में मिल जाए तो काम में आसानी होगी। कोई उस समय का मतदान केंद्र भी बता दें कि उनके परिवार वाले वोट कहां करते तो उससे भी बीएलओ अपने सिस्टम से पूरी जानकारी निकाल कर मेपिंग कर सकेंगे। शहर के जगदीश चौक, सूरजपोल, केशवनगर नगर,न्यू केशवनगर, कालकामाता रोड, रूपसागर रोड, न्यू भूपालपुरा आदि क्षेत्रों में बीएलओ अपने परिचय पत्र के साथ इस काम को कर रहे है। प्रथम चरण में 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ हर मतदाता से दो प्रतियों में आसान गणना प्रपत्र भरवाएंगे।

### सड़क हादसे में गार्ड की मौत

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर झाड़ोल मार्ग पर कार ने सुरक्षा गार्ड को चपैट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सांय उदयपुर झाड़ोल मार्ग अलसीगढ रोड़ पर कार ने सडक पार कर रहे सुरक्षा गार्ड अलसीगढ निवासी धनराज मीणा (70) पुत्र रामा मीणा को चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धनराज शहर में बैंक में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। सांय वह बस में बैठ कर वापस गांव लौट रहा था। जहां बस से उतरने पर गांव की तरफ जाते समय झाड़ोल की तरफ से आ रही कार ने उसे चपेट में ले लिया था। इस पर एएसआई पर्वतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने पीडिता ने कोटक महिन्द्रा बैंक के अधिकारी के खिलाफ निजी दस्तावेज अन्य व्यक्ति को देकर धोखेबाजी करने का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता अल्पना पत्नी अनिल जैन निवासी प्रोपराईटर अजरा निवासी हितावाला टावर भुवाणा ने आरोपी चीफ मैनेजर ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इण्डिया लि.भारत सरकार का उपक्रम पश्चिम क्षैत्रीय भार प्रेषण केन्द्र व अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी ने सहमती के बिना मेरे निजी दस्तावेज कुटरचित कर हालिस किए तथा खाते का स्टेटमेंट तैयार कर अन्य व्यक्ति को दिए। इसका पता चलने पर एतराज किया तो आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई लालसिंह को सौंपी है।

### अन्नकूट महोत्सव आयोजित

**उदयपुर**, (कासं)। श्री हनुमान मंदिर अशोक विहार उदयपुर में अन्नकूट महौत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं महाआरती हुई। मंदिर पुजारी राकेश औदिच्य ने बताया कि आचार्य चंद्रेश त्रिवेदी,आचार्य पीयूष सुंदर कांड पाठ का वाचन किया गया। इसमें क्षेत्र के अशोक जोशी, महेन्द्र दोशी, राजकुमार वया व भक्तगण मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय एकात्मता विषयक संगोष्ठी का उद्घाटन

■ जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकात्मता : विविधता में एक चेतना विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

उन्होंने संगोष्ठी के अंतर्गत जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करते हुए कहा कि राष्ट्र अनेक भाषा, संस्कृति, मतों, परंपराओं से मिलकर बनता है राष्ट्र की एक सीमा होती है। राष्ट्र में उस देश का नागरिक रहता है। कोई दूसरे देश का नागरिक आता है तो उसे उस देश की नागरिकता लेनी पड़ती है। संगठित जनसमुदाय, निश्चित भूभाग, संस्कृति, परंपरा, एकता की भावना हमें एक सूत्र में बांधती है। देश के नागरिकों में देश के मूल्यों, आदर्शों, मातृभूमि, समुदाय के प्रति निष्ठा और प्रेम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकता की भावना सिर्फ बातों में नहीं व्यक्ति के कर्मो में भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश जब बनता है तब एक देश से दूसरा देश बन जाता है। कारण अलग-अलग होते हैं। बागड़े ने कहा कि हमारे विघटन, हमारी गरीबी, हमारे एकसंघ नहीं होने का लाभ उठाकर अंग्रेजों ने देश कर अतिक्रमण कर लिया। वह हमने अंग्रेजों से वापस लिया। भारत से अनेक देश बने अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और बांग्लादेश। एक राष्ट्र विकसित बनता है जब नागरिक एकजुट होकर देशप्रेम के साथ अपना सर्वस्व अर्पण करते हैं। नागरिक अपनी शक्ति, बुद्धि, त्याग, आर्थिक स्वावलंबन से देश को विकसित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से हैं। पहले गांव में कच्चे मकान होते थे जो अब पक्के बन गए हैं क्योंकि लोगों के पास पैसा आया है। देश की अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि रामायण और महाभारत हमारी संस्कृति का मूल है। राम का नाम सभी भाषाओं में है। भजन-कीर्तन, व्याख्यान, भाषण, शिक्षण अलग-अलग भाषाओं में होता है मगर देवधर्म सबका एक ही है। एक ही गणेशजी की आरती अनेक भाषाओं में होती है मगर सबका भाव एक ही होता है। अनेक भाषा, खान-पान, वेशभूषा अलग-अलग होने के बावजूद हम सब एक हैं। हमारी संस्कृति भाषा अनेक - भाव एक, पथ अनेक-गंतव्य एक की है।

# गेपसागर झील में कार व बाइक गिरी

■ एक युवक की मौत, दो को लोगों ने डूबने से बचाया

**डूंगरपुर**। शहर में बादल महल रिंग रोड पर सोमवार देर रात बाइक और कार के बीच टक्कर के बाद दोनों वाहन गेपसागर झील में उतर गए। हादसे में बाइक सवार युवक की डूबने से मौत हो गई,जबकि उसका दोस्त और कार सवार युवक को लोगों ने बचा लिया।

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रोशन पुत्र भगवती शंकर हरसोत, निवासी पिंडावल के रूप में हुई है। वह डूंगरपुर शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। रोशन अपने परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। सोमवार शाम वह लाइब्रेरी में पढाई करने गया था।

इसके बाद अपने दोस्त अमन जैन के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान गेपसागर झील के बादल महल रिंग रोड पर सामने से आ रही एक कार से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक और कार दोनों झील के पानी में जा गिरे। घटना के बाद रिंग रोड पर मौजूद लोग दौडकर मौके पर पहुंचे और अमन जैन व कार सवार युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन रोशन गहरे पानी में डूब गया। बाद में गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

हादसे की खबर मिलते ही देर रात परिवार के लोग अस्पताल पहुंचेए जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह अंधेरा और तेज रफ्तार वाहन हो सकते हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## दातापति हनुमान मंदिर में राड़ा जी की प्रसादी का आयोजन आज

**उदयपुर**। हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में आज मंगलवार, 5 नवम्बर को श्रद्धा और उत्साह के साथ राड़ा जी की प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक पुष्पमालाओं, दीप सजावट और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है।मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन अन्नकूट महोत्सव के बाद प्रतिवर्ष किया जाता है। भक्तगण श्रीराम दरबार, हनुमान जी, सर्वेश्वर महादेव,गजानंद जी, वैष्णो देवी माता और राड़ा जी महाराज के दर्शन कर प्रसादी का लाभ उठाएंगे। शाम को साढ़े 6 बजे महाआरती का आयोजन होगा, जिसके बाद 7:20 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा।

## ज्ञापन दिया

**बांसवाड़ा**, (निसं)। आदिवासी आरक्षण मंच के प्रतिनिधि मंडल ने जिला सर्किट हाउस में जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भेंट की। आदिवासी आरक्षण मंच की केन्द्रीय कमेटी के सलाहकार प्रो. कमलकान्त कटारा ने आयोग के अध्यक्ष से तीन सूत्री मांगों को लेकर पिछली भेंट का स्मरण करवाते हुए शीघ्र मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।

## बिरसा मुंडा जयंती की मनाई

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राउमावि पाटनवाघरा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातिय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानाचार्य गजेन्द्र डामोर ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में, कुंजन बाला कटारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग-बलिदान व देश हित में दिए योगदान की जानकारी आने वाली पीढ़ी को देने के क्रम में बिरसा मुंडा जयंती जनजातिय गौरव दिवस के रूप मे मनाने की घोषणा की। इस अवसर पर भाषण, निबंध, चित्रकला, वाल पेंटिंग व गांवों के जनजीवन पर प्रतियोगिता में बच्चो ने उत्साह से भाग लिया। संगीता कुमारी ने बिरसा मुंडा की आकर्शक पेंटिंग बनाई। बिरसा मुंडा के जीवन से साहस, बलिदान, संस्कृति, राष्ट्रीय चेतना से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## महिला प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**बांसवाड़ा**, (निसं। पंचाल समाज चौखरा लोहारिया की बैठक गांव मेतवाला में राकेश पंचाल के आतिथ्य, चौखरा अध्यक्ष नरेन्द्र पंचाल लोहारिया की अध्यक्षता, रूपेश पंचाल लोहारिया के मुख्य आतिथ्य, डॉ. सुन्दरलाल पंचाल घाटोल, मोहनलाल लोहारिया, नटवर सुंदनी, पुरुषोत्तम लोहारिया, कांतीलाल डालिया एवं रामलाल कोटडा बड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में हुई। युवा प्रकोष्ठ का प्रभार भावेश पुत्र सुरेन्द्र पंचाल निवासी माखिया, सह प्रभार रौनक पुत्र शांतिलाल आसोड़ा, कोषाध्यक्ष जुगल पुत्र कन्हैयालाल सुंदनी को दिया गया वहीं चोखरे के समस्त गांवों से ग्राम-सदस्य मनोनीत किये गये। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी पद पर कल्पना पत्नी राजेन्द्र आसन, सह प्रभारी अनीता पत्नी तुलसीराम सुंदनी, सचिव अर्चना पंचाल लोहारिया, सहसचिव दिव्या पंचाल पालोदा, कोषाध्यक्ष रंजना पत्नी केशवजी सुजाजी का गड़ा, समाज सुधार प्रभारी राजेश्वरी पत्नी डॉ सुन्दरलाल रुजिया और सदस्य के रूप में तारा पत्नी मोहनलाल लोहारिया को मनोनीत किया गया।

# लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां ने बांधा समां

**डूंगरपुर**, (निसं)। वागड महोत्सव 2025 एवं जनजातीय गौरव वर्ष 2025-भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय तथा देव सोमनाथ मंदिर परिसर क्षेत्र में पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के लोक कलाकार तथा विद्यालय छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

स्थानीय लक्ष्मण मैदान तथा देव सोमनाथ परिसर क्षेत्रमें देर सायं सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला प्रशासन डूंगरपुर, पर्यटन विभाग विभाग, नगर परिषद एवं देव सोमनाथ मंदिर परिसर क्षेत्र में ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए गए। शहर के लक्ष्मण मैदान में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मन की उडान संस्थान की छात्राओं ने गणेश वंदना का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में पर्यटन विभाग पश्चिमी संस्कृति केंद्र के कलाकारों ने भवाई नृत्य, सिद्धि धमाल एवं राठडा आदि नृत्य के माध्यम से मनमोहक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। इसी क्रम में आस्था पब्लिक स्कूल ने सामूहिक नृत्य ,राजकीय गौरी शंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 6 ने मासो लगायो रे, सामूहिक नृत्य, विमल साद एवं दल ने श्मेरे देश की धरती सोना उगले हीरे मोती, देश भक्ति गीत, राजकीय देवेंद्र बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ने राजस्थानी लोक नृत्य गोरबंद, मॉडर्न स्कूल डूंगरपुर ने कालबेलिया सामूहिक नृत्य, राज नोबल्स स्कूल ने राजस्थानी नृत्य एवं साद समाज द्वारा लोक संत मावजी की वाणी के माध्यम से गुरु चेला संवाद कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से आम जन का मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता वैभव पाठक एवं भूपेंद्र सिंह देवला ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चंद्र धाकड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड, आयुक्त नगरपरिषद प्रकाश डूडी, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक जितेंद्र सिंह माली, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहायक निदेशक छाया चौबीसा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहन खराडी, स्काउट सीईओ भाविक सुथार, डूंगरपुर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमल साद, भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य गणेश लाल निनामा, भरत जोशी,अशोक चौबीसा, सूर्य सिंह, भानु शर्मा, कुलदीप सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, पार्षद एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः F.11( )/Regin-II/2025/1360 दिनांकः 4-11-2025

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम आयड़ के खसरा नम्बर 1382, 1383, 1389, 1391 में स्थित भूखण्ड संख्या 25 क्षेत्रफल 1239.25 वर्गफीट के पुनर्वेध पट्टा विलेख हेतु श्री रतन लाल पिता स्व. श्री भंवरलाल जी मोटावत, निवासी शांतिवन, बेदला रोड़, उदयपुर (राज.) द्वारा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया हैं। उक्त भूखण्ड का पट्टा विलेख (लीज होल्ड) दिनांक 29/03/2004 को इन्हीं के नाम जारी किया गया था जिसका पंजीयन नहीं होने तथा खो जाने से पुनर्वेध पुनः पट्टा विलेख जारी कराना चाहा है। प्रार्थियों द्वारा उक्त पट्टा विलेख के संबंध में ऑनलाईन गुमशुदगी रिपोर्ट दिनांक 08/08/2025 को दर्ज करवाते हुए प्रति कार्यालय में प्रस्तुत की है।

अतः वर्णित भूखण्ड का पुनर्वेध पुनः पट्टा विलेख आवेदक श्री रतन लाल पिता स्व. श्री भंवरलाल जी मोटावत के पक्ष में जारी किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा निर्धारित समयावधि के उपरान्त पुनर्वेध पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जायेगा।

(सुरेन्द्र बी. पाटीदार) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

Phone No.0294-2417334 (O) Email-dormpuat@gmail.com

**अनुसंधान निदेशालय**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर, उदयपुर

**निविदा सूचना**

अनुसंधान निदेशालय, मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर की ओर से निम्न खुली निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट (sppp.rajasthan.gov.in and www.mpuat.ac.in) पर देखी जा सकती है। भविष्य में निविदा में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

| निविदा संख्या | आमंत्रित करने की दिनांक एवं समय |
|---|---|
| DOR/NIT/2025-26/3276 ATU2526A0172/ATU2526GSOB00212 | 15.11.2025 at 05:00 PM |

निदेशक अनुसंधान

**Government of India**

**Ministry of Road Transport and Highways**




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी: helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0012/2526